# Bihar Administrative Service Association

North of Income Tax Golamber, Nehru Marg, Patna-800001
(Registration No-663/2003)
Website: basabihar.com, E-mail Id: infobasa1@gmail.com

Shashank Shekhar Sinha
President
Mob. No.- 9334118192

सत्यमेव जयते

Anil Kumar
General Secretary
Mob. No.- 9431409463

Vice President
Md. Moeezuddin
9304951990

Ajay Kumar
9835737317

Joint Secretary
Subodh Kumar
7979919465

Gopal Sharan
8210342042

Treasurer
nil Kumar Tiwary
9431085120

oint Treasurer
Mona Jha
9430881025


Memo No 90 Date 30.9.20

**दिनांक–27.09.2020 को अध्यक्ष, बिहार प्रशासनिक सेवा संघ की अध्यक्षता में केन्द्रीय कार्यकारिणी की सम्पन्न बैठक की कार्यवाही**

(Uploaded on basabihar.org)

1. उपस्थिति पंजी के अनुसार उपस्थिति।
2. विगत 22.04.2020 को केन्द्रीय कार्यकारिणी की बैठक में लिये गये निर्णयों की सम्पुष्टि की गई।
3. केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति में यह सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कोरोना के मद्देनजर राज्य में लागू महामारी अधिनियम के कारण वार्षिक आम सभा का आयोजन अप्रैल माह में नहीं हो पाया है। सरकारी निदेशों के आलोक में 100 से अधिक सदस्यो के साथ बैठक करना आज भी विधिसम्मत नहीं है। अतः इस कार्यालय के ज्ञापाक–31 दिनांक–17.02.20, (केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक की कार्यवाही), की कडिका–21 के आलोक में आम सभा की बैठक इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से दिनांक–11.10.2020 को 11:00 बजे दिन में आहूत करने का निर्णय लिया गया। उक्त बैठक में संघ के सभी सदस्यों को ऑनलाईन भाग लेने हेतु लिंक उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे की आम सभा का संचालन सफलतापूर्वक किया जा सके।
4. कोषाध्यक्ष ने अद्यतन अगस्त, 2020 तक का आय–व्यय का सम्पूर्ण ब्यौरा केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति के समक्ष उपस्थापित किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।
5. बिहार प्रशासनिक सेवा संघ के महासचिव ने वर्ष 2019–20 का वार्षिक अंकेक्षण प्रतिवेदन उपस्थापित किया, जिसे ध्वनिमत से अनुमोदित किया गया। इसकी प्रति सम्बन्धित प्राधिकार को भेजा जाएगा।
6. केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति के समक्ष 01 नवम्बर, 2019 से 24 नवम्बर,2019 के बीच लगभग 14,00,000/– (चौदह लाख) रूपए के भुगतान के दावा पर विमर्श किया गया। विचारोपरान्त यह पाया गया कि 31 अक्टूबर 2019 तक के उपस्थापित अंकेक्षण प्रतिवेदन में उक्त दावों की प्रविष्टि नहीं है। ज्ञातव्य हो कि भवन मद में दावा के अनुसार राशि न तो वित्तीय वर्ष 2019–20 में उपलब्ध थी और न आज ही है। वैसी स्थिति में उक्त दावा को संदेहास्पद पाते हुए भुगतान हेतु निर्णय नहीं लिया जा सका।
7. पटना मेट्रो रेल के द्वारा पटना के विद्युत्त भवन के पास भूमिगत मेट्रो स्टेशन का निर्माण प्रस्तावित है। उसका एक निकासी एवं प्रवेश स्थल बासा भवन से सम्बद्ध करने के संबध

में आवश्यक निर्णय लेने हेतु केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति ने बासा के अध्यक्ष एवं महासचिव को प्राधिकृत करने का निर्णय लिया।

8. बासा की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करने हेतु मासिक सहयोग राशि के लिए जो नई योजना लाई गई है, उसकी समीक्षा की गयी। सर्वसम्मति से इस योजना से सभी सदस्यों को जोड़ने के लिए संघ को दो महीनें के अन्दर सभी आवश्यक कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया।

9. वर्त्तमान बैठक के लिए प्रस्तुत एजेन्डा में वर्णित बिहार प्रशासनिक सेवा संघ के सदस्यों की सेवा शर्त्त से संबंधित सभी विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। विमर्शोपरान्त यह निष्कर्ष निकला कि सेवा शर्त्तो में आवश्यक सुधार हेतु न्यायिक प्रक्रिया ही एकमात्र एवं अंतिम विकल्प है। वर्त्तमान में माननीय उच्च न्यायालय के क्रियाकलापों का संचालन वर्चुअल होने के कारण केवल अतिआवश्यक वादों का ही संचालन किया जा रहा है। अतः यह निर्णय लिया गया कि जैसे ही माननीय उच्च न्यायालय का कार्य नियमित रूप से पूर्व की भाँति प्रारंभ किया जाता है तो संघ के तरफ से न्यायिक प्रक्रिया के तहत राहत के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ किया जाए।

10. बैठक के अंत में महासचिव द्वारा सधन्यवाद बैठक समाप्त की गई।

विश्वासभाजन

ह०/–
(अनिल कुमार)

विश्वासभाजन

ह०/–
(शंशाक शेखर सिन्हा)

ज्ञापांक– 90 /पटना, दिनांक– 30-9-2020

प्रतिलिपिः– सभी सदस्य/पद धारक, केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति/सभी अध्यक्ष/सचिव, जिला इकाई, बिहार एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस एसोसिएशन को सूचनार्थ प्रेषित।

30/9/20

(अनिल कुमार)